प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 13.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आज रांची के दशम जलप्रपात पहुंचे। यहां उन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत बीएलओ से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित किया और बीएलओ की भूमिका को रेखांकित किया।

*******************

झारखंड जगुआर मुख्यालय में शहीद जवान सुनील धान को अंतिम विदाई दी गई। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सुनील धान पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला में शहीद हुए थे। वहां सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसी दौरान आईईडी विस्फोट में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इस दिशा में सक्रियता से कदम उठाए जा रहे हैं।

श्रद्धाजंलि देने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि परिजनों के साथ हर पल राज्य की सरकार खड़ी है।

*******************

केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल–सीआरपीएफ रांची, जमशेदपुर और राजरहाट की पांच कंपनियां पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में तैनात करने को कहा गया है। दक्षिणी बंगाल से संबद्ध सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के पुलिस महानिरीक्षक करणी सिंह शेखावत ने राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इनमें राज्य के पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक और अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

*******************

देश के विभिन्न भागों में आज से पारंपरिक फसल उत्सव मनाए जा रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये त्योहार एकजुटता, कृतज्ञता और नयेपन के प्रतीक हैं।

*******************

रांची में बैसाखी पर आज गुरुनानक स्कूल में विशेष दीवान सजाया गया है। वहीं गुरूद्वारों में विशेष अरदास की जा रही है।

वहीं आज रांची सहित राज्यभर में पाम संडे भी मनाया जा रहा है। रांची में भीं मसीही विश्वासियो ने खजूर की डालियों के साथ यीशु मसीह के येरुशलम में प्रवेश की घटना का स्मरण किया। इधर खूंटी में भी ईसाई धर्मावलंबियों ने खजूर की डालियों के साथ शोभायात्रा निकाली।

*******************

GONG

योग से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है तथा नकारात्मकता कम होती जाती है। विस्तृत जानकारी दे रही हैं हमारी खूंटी संवाददाता–

*******************

हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हरा दिया। प्रतियोगिता में आज जयपुर में दोपहर बाद 3 बजकर 30 मिनट पर राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से होगा। दिल्ली में शाम साढ़े 7 बजे दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा।

********समाप्त*********